<u>समाचार</u>

कोरोना के खतरे के प्रति आगाह करने, निगम द्वारा चलाया गया जनजागरूकता अभियान

(पुराने कोरबा शहर में दुकानों प्रतिष्ठानों व आमजन को वितरित किए गए पम्पलेट, नो मास्क–नो सर्विस के स्टीकर पोस्टर किए गए चस्पा)

कोरबा 04 नवम्बर 2020 – कोविड–19 के प्रति पूरी तरह सतर्कता बरतें, सावधानी न बरतने पर संक्रमण बढ़ सकता है, अतः सावधानी बरते तथा कोविड–19 के प्रोटोकाल का पालन करें, आदि का संदेश देते हुए नगर पालिक निगम कोरबा के स्वच्छता कमाण्डों एवं अन्य अमले ने आज पुराने कोरबा शहर में जनजागरूकता अभियान चलाया तथा लोगों को कोविड–19 के संक्रमण से बचने हेतु मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने आदि के संदेश देते पम्पलेट वितरित किए गए, वहीं '' नो मास्क–नो सर्विस '' के स्टीकर दुकानों में चस्पा कराए गए।

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकना तथा उसे खत्म करना एक बड़ी चुनौती है, शासन प्रशासन के साथ–साथ नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा इस चुनौती का सामना पूरी निष्ठा व तत्परता के साथ किया जा रहा है, कोविड–19 के संक्रमण को रोकने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाएं जा रहे हैं, साथ ही विभिन्न माध्यमों से लोगों को लगातार इस हेतु जागरूक किया जा रहा है, वहीं कोविड–19 के प्रोटोकाल का उल्लंघन करने वालों पर अर्थदण्ड आदि की कार्यवाही भी निरंतर जारी है। कोविड–19 के प्रति लोगों को और अधिक जागरूक करने, प्रोटोकाल का अनिवार्य रूप से पालन करने का संदेश देने आज नगर निगम कोरबा के स्वच्छता कमाण्डों द्वारा पुराने कोरबा शहर के मुख्य मार्ग, बस स्टैण्ड आदि में जनजागरूकता का अभियान चलाया गया। इस दौरान जनजागरूकता वाहन के माध्यम से आमजन से अपील किए जाने के साथ–साथ मेडिकल, कपड़ा, बर्तन, मोबाईल, हार्डवेयर, स्टेशनरी आदि दुकानों के साथ–साथ पानठेलों व अन्य दुकानों व प्रतिष्ठानों सहित आमनागरिकों को अपील संबंधी पम्पलेट वितरित किए गए तथा इन दुकानों पर '' नो मास्क–नो सर्विस '' के स्टीकर पोस्टर चस्पा किए गए। बैंक एटीएम, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा सहित

अन्य प्रतिष्ठानों में भी पहुंचकर कोविड–19 के प्रति जागरूकता संदेश दिया तथा ''नो मास्क–नो सर्विस'' के स्टीकर पोस्टर चस्पा कराए।

मास्क न लगाने पर अर्थदण्ड– अभियान के दौरान कुछ दुकानदारों एवं फल विक्रेताओं द्वारा बिना मास्क पहने अपने व्यवसाय का संचालन किया जा रहा था, जिस पर अभियान दल उन्हें समझाईश दी कि वे अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं, दुकानों में सोशल डिस्टेंसिंग सुनिश्चित करें, इसके साथ ही 06 लोगों पर मास्क न लगाने के कारण अर्थदण्ड भी लगाया गया।

आमजन से की गई अपील– अभियान के दौरान लोगों से अपील की गई कि समय–समय पर अपने हाथ साबुन से धोएं एवं सेनेटाईजर का उपयोग करें, अति आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकले एवं बाहर निकलते ही अनिवार्य रूप से मास्क अवश्य लगाएं, दुकानों, संस्थानों बाजारों, कार्यालयों तथा अन्य स्थानों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें एवं दो गज की दूरी बनाकर रखें, चौपाटी, खानपान के ठेलों, गुमठियों तथा अन्य खानपान के स्थलों में खाद्य पदार्थो का सेवन न करें, खाद्य पदार्थो को पैक कराकर घर ले जाएं, पान, गुटखा, सिगरेट आदि का सेवन न करें, पान गुटखा खाकर सड़क पर न थूंकें।

प्रोटोकाल का पालन व स्वच्छ सर्वेक्षण में सहयोग करें– अभियान के दौरान दुकानों, प्रतिष्ठानों में नो मास्क–नो सर्विस व स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के संबंध में स्टीकर पोस्टर चस्पा करते हुए अपील की गई कि आमजन मास्क लगाकर ही दुकान, प्रतिष्ठान के अंदर प्रवेश करें, सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रूप से पालन करें। सार्वजनिक स्थानों, सड़क, नाली में कचरा न फेंके, स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में शहर को स्वच्छ शहर बनाने में सहभागी बने एवं अपने कोरबा शहर को सर्वेक्षण में प्रतिष्ठापूर्ण स्थान दिलाएं।